# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 01.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. वित्त वर्ष 2026–27 का केंद्रीय बजट पेश, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने इसे युवा शक्ति–संचालित और विकास पर केंद्रित बताया।
2. सरकार ने बजट में की घोषणा – रांची में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान को क्षेत्रीय शीर्ष संस्थान के रूप में किया जाएगा उन्नत।
3. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस बजट में रखी गई है देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव, यह 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में बड़ा कदम।
4. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन असम के तिनसुकिया में आयोजित आदिवासी महासभा में हुए शामिल, कहा– हजारों आदिवासी भाईयों–बहनों और बड़े–बुजुर्गों से मिलने का मिला मौका।

और

5. धनबाद और बोकारो में पढ़ाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए दौड़े हजारों लोग, विजयी प्रतिभागियों को मिला मेडल और प्रमाण–पत्र

***************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में वित्तीय वर्ष–2026–27 का बजट पेश किया। उन्होंने क्षमता निर्माण और सुधारों पर केन्द्रित इस बजट को युवा शक्ति संचालित बजट बताया। वित्त मंत्री ने छह सेक्टर में नई पहल का प्रस्ताव किया। इनमें रणनीतिक क्षेत्रों में विनिर्माण तेज करना, औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प करना, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का निर्माण करना, बुनियादी ढांचे को सशक्त करना, दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा और स्थायित्व सुनिश्चित करना तथा शहर आर्थिक क्षेत्र विकसित करना शामिल हैं। वित्त मंत्री ने रांची के कांके में स्थित केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, सीआईपी और तेजपुर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के उन्नयन की भी घोषणा की।

वित्त मंत्री ने कपड़ा सेक्टर के लिए एकीकृत कार्यक्रम का प्रस्ताव किया। इनमें रेशम, ऊन और जूट जैसे प्राकृतिक फाइबर तथा मानव निर्मित फाइबर और आधुनिक फाइबर में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय फाइबर योजना समेत अन्य कार्यक्रमों के दूसरे चरण का प्रस्ताव शामिल है। वित्त मंत्री ने इनके अतिरिक्त मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने तथा खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प की मजबूती के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज योजना के शुभारंभ का प्रस्ताव किया। वित्त मंत्री ने कहा कि पांच लाख से अधिक आबादी वाले श्रेणी–दो और श्रेणी–तीन के शहरों में बुनियादी ढांचा विकास पर विशेष बल दिया जाएगा।

बुनियादी ढांचा विकास और निर्माण चरण के दौरान जोखिमों के प्रति निजी डेवलपर्स का भरोसा बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ने बुनियादी ढांचा जोखिम गांरटी निधि बनाने का प्रस्ताव किया। वित्त मंत्री ने खेलो इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से खेल–कूद प्रतिभाओं के सुव्यवस्थित विकास के प्रयासों को जारी रखते हुए वित्त मंत्री ने अगले दशक में खेल–कूद क्षेत्र में बदलाव के लिए खेलो इंडिया मिशन शुरू करने का प्रस्ताव किया। इस बार के बजट में आयकर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

***************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि यह बजट इक्कीसवीं सदी की दूसरी तिमाही का पहला बजट है, जो भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के विजन की दिशा में आगे बढ़ाता है। दिल्ली में बजट के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, उन्होंने कहा कि बजट का उद्देश्य सबका साथ, सबका विकास है। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि इस वर्ष बजट में स्वास्थ्य को समान रूप से महत्व दिया गया है और विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया गया है।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ये बजट देश के हित में है और इससे देश के विकास को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए कई प्रावधान किए गए हैं।

***************

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय बजट के माध्यम से विकसित भारत के विकास की मजबूत नींव रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन को धन्यवाद दिया है। श्री वैष्णव ने संसद के बाहर आज पत्रकारों से बातचीत की।

***************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि आज पेश हुआ केंद्रीय बजट सभी क्षेत्रों, वर्गों और नागरिकों को सशक्त बनाएगा। वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बजट से ग्रामीण क्षेत्रों, गरीबों, कृषि और किसानों का भविष्य बदलने की आशा की।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश एक ऐतिहासिक पहल की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वी और उत्तर–पूर्वी भारत में पहली बार अत्याधुनिक मानसिक स्वास्थ्य संस्थान की स्थापना की जाएगी, जिससे इस क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

इधर, हजारीबाग से सांसद मनीष जायसवाल ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह विकसित भारत के विराट विजन को धरातल पर उतारने वाला बजट है।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार हमेशा झारखण्ड की अनदेखी कर देती है।

***************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा है कि आज पेश हुआ बजट गरीबों, मजदूरों, किसानों, महिलाओं, छात्रों और आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि बजट का मुख्य उद्देश्य लोगों की क्षमताओं को निखारना, हर परिवार के लिए आय के नए अवसर सृजित करना और देश की आर्थिक विकास दर को तेज करना है।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज असम के तिनसुकिया में ऑल आदिवासी स्टूडेंट्स एसोसिएशन ऑफ़ आसाम की ओर से आयोजित आदिवासी महासभा में शामिल हुए। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट

में श्री सोरेन ने कहा कि तिनसुकिया आकर उन्हें अपने हजारों आदिवासी भाईयों–बहनों और बड़े–बुजुर्गों से मिलने का मौका मिला।

***************

एकल अभियान की ओर से आज धनबाद में रन फॉर एजुकेशन का आयोजन किया गया। बच्चों को पढ़ाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस दौड़ का उद्घाटन स्थानीय विधायक राज सिन्हा, ईस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड के महाप्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता और आईआईटी–आइएसएम के उप निदेशक प्रो. धीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विधायक राज सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

साउंड बाइट – राज सिन्हा ऑन खेल – 18 सेकेंड

इधर, बोकारो इस्पात संयंत्र की ओर से आज बोकारो में हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया। दौड़ पूरी करने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए, जबकि विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

*******समाप्त********